लंच ब्रेक में घर लौटे टाटा स्टील कर्मचारी, टूटा मिला पीछे का गेट

30 हजार नकद समेत 40 लाख के जेवर ले गये चोर

- क्रॉस रोड नंबर 20 के एल-4 क्वार्टर में वारदात

जमशेदपुर : सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के क्रॉस रोड नंबर 20 स्थित एल-4 क्वार्टर में मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आयी. टाटा स्टील कर्मचारी सुब्रतो दास के क्वार्टर को निशाना बनाते हुए चोर करीब 30 हजार रुपये नकद और लगभग 40 लाख रुपये मूल्य के खानदानी आभूषण लेकर फरार हो गये. घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है. जानकारी के अनुसार, सुब्रतो दास मंगलवार को ड्यूटी पर गये थे. लंच ब्रेक के दौरान जब वह अपने क्वार्टर लौटे, तो पीछे के गेट का ताला टूटा हुआ मिला. घर के अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा था. जांच करने पर अलमारी में रखे करीब 30 हजार रुपये नकद और परिवार के खानदानी जेवर गायब मिले. चोरी गये आभूषणों की कीमत करीब 40 लाख रुपये बतायी गयी है. घटना की सूचना मिलते ही सिदगोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है. साथ ही संदिग्धों की गतिविधियों और उनके आने-जाने के रास्ते की जानकारी जुटायी जा रही है. पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि चोर किस रास्ते से क्वार्टर में दाखिल हुए और वारदात के बाद किस दिशा में भागे. टाटा स्टील के रिहायशी क्वार्टर में दिनदहाड़े हुई चोरी से आसपास के लोगों में चिंता बढ़ गयी है. स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पुलिस से जल्द मामले का खुलासा करने, आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गये सामान की बरामदगी की मांग की है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर चोरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है.

सिदगोड़ा में दिनदहाड़े शिक्षिका के क्वार्टर में चोरी, जेवरात-नकदी लेकर फरार हुए चोर

सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया. रामकृष्ण मिशन स्कूल के जूनियर ब्लॉक के ठीक सामने स्थित एल-4 क्वार्टर में रहने वाली स्कूल शिक्षिका के घर को चोरों ने निशाना बनाया. चोर घर से जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गये. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ क्वार्टर के बाहर जुट गयी. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की. पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और यह पता लगाने का प्रयास किया कि चोरों ने घर में किस रास्ते से प्रवेश किया तथा कितनी देर में वारदात को अंजाम दिया. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, घर से आभूषण और नकद रुपये चोरी हुए हैं. चोरी गये सामान की कुल कीमत का फिलहाल आकलन किया जा रहा है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि वारदात के समय इलाके में संदिग्ध गतिविधियों और संदिग्धों की पहचान की जा सके. रामकृष्ण मिशन स्कूल के ठीक सामने दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गयी है. पुलिस का कहना है कि जांच आगे बढ़ने के साथ चोरी में शामिल आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है.

मानगो में युवती से मोबाइल छिनतई का आरोपी गिरफ्तार

जमशेदपुर : मानगो थाना क्षेत्र के जवाहरनगर रोड नंबर-15, ब्रह्म पथ के पास युवती से मोबाइल छिनतई के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उसके पास से छिनतई किया गया मोबाइल फोन, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और घटना के समय पहनी गयी शर्ट बरामद की है. पुलिस के अनुसार, 20 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 2.35 बजे जवाहरनगर रोड नंबर-15 के पास मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति पर युवती का मोबाइल फोन छीनकर फरार होने का आरोप लगा था. मामले में मानगो थाना कांड संख्या 201/2026 दर्ज किया गया. घटना के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर आरोपी की पहचान की गयी. वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एमजी-01 के सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जवाहरनगर रोड नंबर-14 स्थित फॉरेस्ट के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना से संबंधित सामान बरामद किया. गिरफ्तार आरोपी की पहचान कल्लामुद्दीन उर्फ कलाम (26) के रूप में हुई है. वह कपाली ओपी क्षेत्र के गौस नगर, बेल चौक का निवासी बताया गया है. पुलिस के अनुसार, आरोपी का पूर्व आपराधिक इतिहास भी रहा है. उसके खिलाफ साकची और आजादनगर थानों में मामले दर्ज हैं.

ये सामान हुआ बरामद : पुलिस ने आरोपी के पास से रोज गोल्ड रंग का रियलमी एंड्रॉयड मोबाइल फोन, हल्के हरे रंग की फुल शर्ट और काले रंग की हीरो एक्सट्रीम 160आर मोटरसाइकिल बरामद की है. मोटरसाइकिल का पंजीकरण नंबर जेएच 05 ईएच-0465 है. पुलिस ने घटना के समय पहने गये कपड़े और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है.

कदमा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- पत्नी के दूसरे युवक से बातचीत के शक को लेकर तनाव में था संजय, तीन-चार दिन से पत्नी थी अलग
- पत्नी ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का लगाया आरोप, पुलिस दोनों पक्षों के दावों की जांच में जुटी

जमशेदपुर : कदमा थाना क्षेत्र के रामजन्मनगर में सोमवार रात 23 वर्षीय युवक संजय तांडी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों के अनुसार, संजय ने करीब तीन-चार माह पहले सोनारी निवासी सोमा कर्मकार से प्रेम विवाह किया था. शादी के बाद दोनों कदमा में साथ रह रहे थे. कुछ समय बाद पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया. परिजनों ने बताया कि दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था. विवाद के बाद सोमा कई बार घर छोड़कर चली जाती थी. तीन-चार दिन पहले भी दोनों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद सोमा घर नहीं लौटी. बताया गया कि वह डिमना क्षेत्र के एक छात्रावास में रह रही थी. संजय लगातार फोन कर उसे घर लौटने और विवाद खत्म करने के लिए समझाने का प्रयास कर रहा था. परिजनों के अनुसार, पत्नी का फोन व्यस्त मिलने पर वह परेशान रहता था.

पत्नी पर दूसरे युवक से बातचीत का था शक : संजय की चचेरी मामी पुष्पा सरदार ने बताया कि संजय को अपनी पत्नी के किसी अन्य युवक से फोन पर बातचीत करने का शक था. इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था. परिजनों के अनुसार, इसी संदेह के कारण संजय पिछले कुछ दिनों से तनाव में था. सोमवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच संजय कमरे में गया और पंखे के सहारे रस्सी से फांसी लगा ली. कुछ देर बाद उसकी मां ने खिड़की से उसे फंदे पर लटका देखा और शोर मचाया. परिजनों ने खिड़की तोड़कर उसे नीचे उतारा और तत्काल एमजीएम अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

घटना की जानकारी संजय की पत्नी को भी दी गयी. बताया जा रहा है कि पत्नी ने संजय के परिजनों पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है. पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है. मंगलवार सुबह घटना की सूचना मिलने पर कदमा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. संजय घरों में पेंटिंग का काम करता था. पुलिस ने परिजनों से पूछताछ शुरू कर दी है. आत्महत्या के वास्तविक कारणों के साथ-साथ पति-पत्नी के बीच हुए विवाद और लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है.

एमजीएम इलाके में ब्राउन शुगर का धंधा, 510 पुड़िया के साथ दो गिरफ्तार

- रिपिट कॉलोनी के पीछे काली मंदिर के पास पुलिस ने की घेराबंदी, दो मोबाइल और पल्सर बाइक जब्त

जमशेदपुर : एमजीएम थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो युवकों को 510 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद की है. गिरफ्तार आरोपियों में सुंदर थाना क्षेत्र के मादुरू थापा का पुत्र सुरज थापा (32) और बिरसानगर जोन नंबर-3 डी ब्लॉक निवासी तुलसी सिंह का पुत्र करण कुमार (25) शामिल हैं. पुलिस के अनुसार, मंगलवार को वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि एमजीएम मेडिकल कॉलेज और रिपिट कॉलोनी के आसपास दो व्यक्ति ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं. सूचना के आधार पर पटमदा डीएसपी के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गयी. टीम ने रिपिट कॉलोनी के पीछे काली मंदिर के पास घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान सुरज थापा के पास से 437 पुड़िया और करण कुमार के पास से 73 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई. पुलिस ने दोनों के पास से एक सैमसंग कंपनी का स्क्रीनटच मोबाइल, एक नोकिया कीपैड मोबाइल और काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल (जेएच05ईजे-5734) भी जब्त की.

पूछताछ के बाद दोनों भेजे गये न्यायिक हिरासत में : पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री में संलिप्तता स्वीकार की. मामले में एमजीएम थाना में कांड संख्या 112/2026 दर्ज किया गया है. पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

सुरज पर आठ, करण पर तीन मामले : पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सुरज थापा के खिलाफ हाटगम्हरिया, मानगो, पोटका, सिदगोड़ा, मुसाबनी, जादूगोड़ा और घाटशिला थानों में कुल आठ मामले दर्ज हैं. इनमें एनडीपीएस एक्ट के अलावा आर्म्स एक्ट और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के मामले शामिल हैं. वहीं, करण कुमार के खिलाफ बिरसानगर थाना में दो मामले और जीआरओ संख्या 259/23 दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है. पुलिस दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास और मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े संभावित नेटवर्क की भी जांच कर रही है.

टाटानगर यार्ड का दबाव घटाने को चार मेमू ट्रेनों का टर्मिनल बदला, 9 अक्टूबर तक आदित्यपुर से चलेंगी

- यात्रियों को टाटानगर की जगह आदित्यपुर से करनी होगी यात्रा, पहले की व्यवस्था 15 दिन और बढ़ी
- यार्ड में ट्रेनों की आवाजाही सुचारु रखने की कवायद, समय पर परिचालन सुधारने में मिलेगी मदद

जमशेदपुर : टाटानगर स्टेशन और यार्ड में ट्रेनों का सुचारु परिचालन बनाए रखने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे ने चार मेमू ट्रेनों के टर्मिनल में बदलाव की अवधि बढ़ा दी है. अब इन ट्रेनों का टर्मिनल 9 अक्टूबर 2026 तक आदित्यपुर से संचालित होगा. पहले लागू की गयी यह व्यवस्था अब अगले 15 दिनों तक जारी रहेगी. रेलवे के अनुसार, टाटानगर यार्ड में परिचालन संबंधी दबाव और ट्रेनों की लगातार आवाजाही को देखते हुए चार मेमू ट्रेनों का टर्मिनल टाटानगर के बजाय आदित्यपुर किया गया है. इनमें 68004 (गुआ-टाटानगर), 68019 (टाटानगर-गुआ), 68020 (गुआ-टाटानगर) और 68009 (टाटानगर-चक्रधरपुर) शामिल हैं. इस बदलाव के कारण इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को आदित्यपुर स्टेशन से ट्रेन पकड़नी और वहीं उतरना होगा. रेलवे का कहना है कि टर्मिनल बदलने से टाटानगर यार्ड में ट्रेनों के खड़े रहने और परिचालन में होने वाली देरी को कम करने में मदद मिली है. इससे ट्रेनों के समय पर परिचालन को भी बेहतर बनाने में सुविधा हो रही है. रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, टाटानगर यार्ड में चल रहे परिचालन कार्यों और ट्रेनों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए फिलहाल यह व्यवस्था जारी रखना जरूरी है. 9 अक्टूबर के बाद स्थिति की समीक्षा के आधार पर टर्मिनल को लेकर आगे निर्णय लिया जा सकता है. रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन के टर्मिनल की जानकारी अधिकृत रेलवे माध्यमों से अवश्य जांच लें, ताकि स्टेशन को लेकर किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े.

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, चक्रधरपुर द्वारा नीचे वर्णित निविदा सं. के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिसके खुलने की नियत तिथि 12.10.2026 को 15.00 बजे है। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं. 1, निविदा सूचना संख्या, एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-96, कार्य का विवरण:** टाटानगर, सिनी और डांगोवापोसी खंड में फॉल्ट लोकेटर किट के साथ अर्थ लीकेज डिटेक्टर और इंसुलेशन मॉनिटरिंग डिवाइस का प्रावधान, , **निविदा लागत:** रु.4,54,19,759.60, **बयाना राशि:** रु. 9,08,400/-, **कार्य समापन** :03 (तीन) माह। **क्रम सं. 2, निविदा सूचना संख्या, एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-97, कार्य का विवरण:** चक्रधरपुर, बंडामुंडा और झारसुगुड़ा खंड में फॉल्ट लोकेटर किट के साथ अर्थ लीकेज डिटेक्टर और इंसुलेशन मॉनिटरिंग डिवाइस का प्रावधान, **निविदा लागत:** रु.3,88,96,424.20, **बयाना राशि:** रु. 7,77,900/-, **कार्य समापन** : 03 (तीन) माह। **क्रम सं. 3, निविदा सूचना संख्या, एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-98, कार्य का विवरण:** डांगोवापोसी के डाउन ग्रिड में पैसेंजर प्लेटफॉर्म के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य, **निविदा लागत:** रु.3,27,14,050.27, **बयाना राशि:** रु. 6,54,300/-, **कार्य समापन** : 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 4, निविदा सूचना संख्या, एसटी-सीकेपी-ओटी-26-27-99, कार्य का विवरण:** बड़बिल स्टेशन में लाइन नं. 4 के विस्तार के संबंध में एस एंड टी कार्य, **निविदा लागत:**रु.1,62,08,317.97, **बयाना राशि:** रु. 3,24,200/-, **कार्य समापन** : 12 (बारह) माह। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www. ireps. gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकार/ बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जाएगा। (PR-791)

AFFIDAVIT

Through an affidavit of Sl.No. 25, date 22.09.2026 from Jamshedpur Court, I, EJAZ GUL HEJAZI, S/o the late MOHAMMAD SAMI, R/o "House No. 7, Road No. 13, Near Kabirya School, Zakirnagar East, P.O. Mango, P.S. Azadnagar, Jamshedpur, District East Singhbhum, Jharkhand – 832110" declare that my father's name was previously recorded as MOHAMMAD SHAMI, which is also mentioned in my Passport bearing Passport No. M4091245. That now I changed my Father name known as MOHAMMAD SAMI for all purposes. That MOHAMMAD SAMI and MOHAMMAD SHAMI, respectively, refer to one and the same persons, who are my father. Hence this affidavit.

Sd/- Deponent

AFFIDAVIT

Through an affidavit Sl. No. 63 dated 12.08.2026 from Notary, Jamshedpur, East Singhbhum, I, Neha Kumari, Daughter of Shankar Pradhan, resident of Gram: Chhota Gamharia,, P.O. & P.S. Gamharia,, Dist- Seraikela-Kharswan, Jharkhand – 832108, declare that I have lost my Class-XII Certificate vide Index No: 2253617/055, Certificate No: 043287, issued from Council For The Indian School Certificate Examinations on dt. 10.08.2026 somewhere. That I search but not traced out my Said Certificate That I swear this affidavit to confirm the above facts and produce the same before the authority concerned for obtaining another 'Certificate' from the authority concerned.

Sd./- Deponent

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

PUBLIC ANNOUNCEMENT

(scan this QR code to view the DRHP)

SSSMehta Industries Ltd.

SSSMEHTA INDUSTRIES LIMITED

(Formerly known as SSSMehta Enterprises and Industries Private Limited)

Corporate Identification Number: U24109JH2021PLC017679

Our Company was originally incorporated as "SSSMehta Enterprises and Industries Private Limited" a private limited company under the Companies Act, 2013 at Jamshedpur, Jharkhand, pursuant to a certificate of incorporation dated November 30, 2021, issued by the Registrar of Companies, Central Registration Centre. Thereafter, name of our Company was changed from "SSSMehta Enterprises and Industries Private Limited" to "SSSMehta Industries Private Limited" pursuant to special resolution dated February 06, 2026. Further, name of our Company was changed from "SSSMehta Industries Private Limited" to "SSSMehta Industries Limited" consequent to conversion of our Company from private to public company, pursuant to a special resolution passed by the shareholders in Extra Ordinary General meeting of our Company held on February 24, 2026 and a fresh certificate of incorporation consequent to conversion of the company was issued by the Registrar of Companies, Central Processing Centre on March 13, 2026. For further details please refer to chapter titled "History and Certain Corporate Matters" beginning on page 157 of this Draft Red Herring Prospectus.

Registered Office: A-4, Road No-2, Industrial Estate - Adityapur, Jamshedpur, Seraikela - 832109 Jharkhand, India.
Telephone: +91-7909027541; **E-mail:** compliance@sssmeipl.com; **Website:** https://sssmeipl.com/
Contact Person: Sushil Shrigopal Ladda, Company Secretary & Compliance Officer;

OUR PROMOTERS: SURESH KUMAR MEHTA, SHILPA MEHTA AND SUMIT KUMAR MEHTA

"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON EMERGE PLATFORM OF NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED

THE ISSUE

INITIAL PUBLIC ISSUE OF UPTO 31,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF SSSMEHTA INDUSTRIES LIMITED (THE "COMPANY" OR "SSSMEHTA" OR "ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹ [•] LAKH ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [•] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF [•] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [•] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [•] LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE UP TO [•] % AND UP TO [•] % RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

THE FACE VALUE OF EQUITY SHARES IS ₹ 10/- EACH. THE ISSUE PRICE IS [•] TIMES THE FACE VALUE OF THE EQUITY SHARES. THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY IN CONSULTATION WITH THE BRLM AND WILL BE ADVERTISED IN [•] EDITION OF [•] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND [•] EDITION OF [•] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER ALSO BEING THE REGIONAL LANGUAGE OF JHARKHAND WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED), AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/ISSUE OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("NSE EMERGE") FOR THE PURPOSES OF UPLOADING ON THEIR WEBSITE IN ACCORDANCE WITH SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (ISSUE OF CAPITAL AND DISCLOSURE REQUIREMENTS) REGULATIONS, 2018, AS AMENDED (THE "SEBI ICDR REGULATIONS").

In case of any revision in the Price Band, the Bid/Issue Period shall be extended for at least three additional Working Days after such revision of the Price Band, subject to the total Bid/Issue Period not exceeding 10 Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company may, for reasons to be recorded in writing, extend the Bid/Issue Period for a minimum of one Working Day, subject to the Bid/Issue Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band, and the revised Bid/Issue Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchange by issuing a press release and also by indicating the change on the website of the BRLM and at the terminals of the Members of the Syndicate and by intimation to Designated Intermediaries and Sponsor Bank.

This Issue is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended (the "SCRR") read with Regulation 229 of the SEBI ICDR Regulations and in compliance with Regulation 253(1) and 253(2) of the SEBI ICDR Regulations, 2018, wherein not more than 50.00% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs") (the "QIB Portion"), provided that our Company in consultation with the BRLM may allocate up to 60.00% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis ("Anchor Investor Portion"). One-third of the Anchor Investor Portion shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from the domestic Mutual Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price in accordance with the SEBI ICDR Regulations. However, with effect from December 01, 2025, pursuant to the Securities and Exchange Board of India (Issue of Capital and Disclosure Requirements) (Third Amendment) Regulations, 2025, up to 40% of the Anchor Investor Portion shall be reserved in the following manner: (i) 33.33% shall be available for allocation to domestic Mutual Funds and (ii) 6.67% shall be available for allocation to life insurance companies and pension funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds, life insurance companies, and pension funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. In the event of under-subscription under (ii) above, the allocation may be made to domestic Mutual Funds. In the event of under-subscription or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the remaining QIB Portion (other than the Anchor Investor Portion) ("Net QIB Portion"). Further, 5.00% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to Mutual Funds only, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIB Bidders, other than Anchor Investors, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5.00% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, the SEBI ICDR Regulations, 2018 state that not less than 35% of the Net Issue shall be available for allocation to Individual Investors who apply for minimum application size. Not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation to Non-Institutional Investors of which one-third of the Non-Institutional Portion will be available for allocation to Bidders with an application size of more than two lots and up to such lots as equivalent to not more than ₹ 10.00 Lakhs and two-thirds of the Non-Institutional Portion will be available for allocation to Bidders with an application size of more than ₹ 10.00 Lakhs and under-subscription in either of these two sub-categories of Non-Institutional Portion may be allocated to Bidders in the other sub-category. Subject to the availability of shares in the non-institutional investors' category, the allotment to each Non-Institutional Investor shall not be less than the minimum application size in the Non-Institutional Category and the remaining available Equity Shares, if any, shall be allocated on a proportionate basis in accordance with the conditions specified in this regard in Schedule XIII of the SEBI ICDR Regulations, 2018. All Potential Bidders, other than Anchor Investors, are required to participate in the Issue by mandatorily utilising the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process by providing details of their respective ASBA Account in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the Self-Certified Syndicate Banks ("SCSBs") or under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. For details, please refer to the chapter titled "***Issue Procedure***" on page 247 of the Draft Red Herring Prospectus.

This public announcement is being made in compliance with the Regulation 247(2) of SEBI (ICDR) Regulations, 2018 and SEBI (ICDR) (Amendment) Regulations, 2025 vide notification dated March 03, 2025, and applicability of corporate governance provisions under SEBI (LODR) Regulations, 2015 on SME companies to inform the public that our Company is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt requisite approvals, market conditions and other considerations, to undertake initial public offering of its Equity Shares pursuant to the Issue and DRHP dated September 21, 2026, which has been filed with the EMERGE Platform of National Stock Exchange of India Limited.

Pursuant to SEBI (ICDR) (Amendment) Regulations, 2025 on March 03 , 2025 and applicability of corporate governance provisions under SEBI (LODR) Regulations, 2015 on SME companies, for fulfilling all additional eligibility criteria, the DRHP filed with the EMERGE Platform of National Stock Exchange of India Limited (NSE EMERGE) shall be made available to the public for comments, if any, for a period of at least 21 days, from the date of such filing by hosting it on the website of the NSE at www.nseindia.com and the website of the Company at https://sssmeipl.com/ and at the website of BRLM i.e. GYR Capital Advisors Private Limited at https://gyrcapitaladvisors.com. Our Company hereby invites the members of the public to give their comments on the DRHP filed with the EMERGE Platform of National Stock Exchange of India Limited with respect to disclosures made in DRHP. The members of the public are requested to send a copy of their comments to Stock Exchange, to Company Secretary and Compliance Officer of our Company and/or the BRLM at their respective addresses mentioned below. All comments must be received by NSE, and/or our Company and/or Company Secretary and Compliance Officer of our Company and/or the BRLM in relation to the issue on or before 5 p.m. on the 21st day from the aforesaid date of filing the DRHP with NSE EMERGE.

Investments in Equity and Equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this Issue unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the Issue. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the Issue including the risks involved. The Equity Shares issued in the Issue have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the Draft Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited of the section titled "***Risk Factors***" beginning on page 22 of the Draft Red Herring Prospectus.

Any decision to invest in the equity shares described in the Draft Red Herring Prospectus may only be taken after a Red Herring Prospectus has been filed with the ROC and must be made solely on the basis of such Red Herring Prospectus as there may be material changes in the Red Herring Prospectus from the Draft Red Herring Prospectus. The equity shares, when offered through the Red Herring Prospectus, are proposed to be listed on EMERGE Platform of National Stock Exchange of India Limited (NSE EMERGE'). For details of the share capital and capital structure of our Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them of our Company, see "***Capital Structure***" beginning on page 60 of the Draft Red Herring Prospectus. The liability of the members of our Company is limited. For details of the main objects of our Company as contained in our Memorandum of Association, see "***History and Certain Corporate Matters***" beginning on page 157 of the Draft Red Herring Prospectus.

BOOK RUNNING LEAD MANAGER	REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
GYR Capital Advisors CLARITY | TRUST | GROWTH **GYR CAPITAL ADVISORS PRIVATE LIMITED** 428, Gala Empire, Near JB Tower, Drive in Road, Thaltej, Ahmedabad -380 054, Gujarat, India. **Telephone:** +91 87775 64648 **E-mail:** ssssmehta.ipo@gyrcapitaladvisors.in **Website:** www.gyrcapitaladvisors.com **Investor grievance:** investors@gyrcapitaladvisors.com **Contact Person:** Mr. Mohit Baid **SEBI Registration Number:** INM000012810 **CIN:** U67200GJ2017PTC096908	KFINTECH EXPERIENCE TRANSFORMATION **KFIN TECHNOLOGIES LIMITED** 301, The Centrium, 3rd Floor, 57, Lal Bahadur Shastri Road, Nav Pada, Kurla (West), Mumbai – 400070, Maharashtra, India **Contact Person:** M Murali Krishna **Tel:** +91 40 6716 2222 / 1800 309 4001 **Email:** sssmehta.ipo@kfintech.com **Investor grievance e-mail:** einward.ris@kfintech.com **Website:** www.bigshareonline.com **SEBI Registration No.:** INR000000221 **CIN:** L72400MH2017PLC444072	SSSMehta Industries Ltd. **Sushil Shrigopal Ladda** **Address:** A-4, Road No-2, Industrial Estate - Adityapur, Jamshedpur, Seraikela - 832109 Jharkhand, India **Telephone:** +91 79090 27541 **E-mail:** compliance@sssmeipl.com Investors can contact our Company Secretary and Compliance Officer, the Lead Manager or the Registrar to the Issue, in case of any pre-issue or post-issue related problems, such as non-receipt of letters of allotment, non-credit of allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode etc.

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the DRHP.

FOR SSSMEHTA INDUSTRIES LIMITED
On Behalf of the Board of Directors
Sd/-
Sushil Shrigopal Ladda
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Jamshedpur, Jharkhand
Date: September 23, 2026

Disclaimer: SSSMehta Industries Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Draft Red Herring Prospectus on September 21, 2026. The Draft Red Herring Prospectus is available on the website of NSE at www.nseindia.com and is available on the website of the BRLM at https://gyrcapitaladvisors.com and also on the website of the Company https://sssmeipl.com/. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see section titled "Risk Factors" beginning on page 22 of the Draft Red Herring Prospectus. Potential investors should not rely on the Draft Red Herring Prospectus for making any investment decision.
The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "Securities Act') or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in "offshore transactions" in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.